# जब तक सूरज चांद रहेंगे अटलजी सबको याद रहेंगे

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर नगरपालिका के सभागार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। समाजसेवी कैलाश पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कवि सम्मेलन में

**नगरपालिका द्वारा सुशासन दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित**

भाजपा के जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, सुजीत गर्ग, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, पार्षद विष्णु पाराशर, सीएमओ राधेरमण यादव, जयसिंह जादौन, ओपी सिकरवार, राजबहादुर मारू, कौशल शर्मा, पवन गर्ग, जुगल शर्मा आदि अतिथि के रूप में मंचासीन रहें।




कवि सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, सुजीत गर्ग सहित अन्य अतिथियों द्वारा अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटलजी राजनीति के भीष्म पितामह थे। वो युगपुरुष थे जिन्होंने अपने कार्यों से देश के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। आज उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सुशासन दिवस के अवसर पर नगरपालिका द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन के लिए नगर पालिका बधाई की पात्र है।

काव्यपाठ की शुरूआत युवा कवि सत्यनारायण शर्मा तरुण द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुई, इसके उपरांत कवि भारत सिंह सिकरवार द्वारा अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कहा कि पुण्य धरा भारत भूमि का गौरवगान सुनाता हूँ, मादों में जो सोये हुए है, सोये सिंह जगाता हूँ, सतयुग की जो बात करू तो, सुनने वाले सौ जाये, वैद पुराण उपनिषद् कहते, सदियो की यशो कथा।

कवि सम्मेलन में पुष्पेन्द्र परिहार प्रखर ने अटल जी के जीवन के संघर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि हर डगर में फासले को मापू मेरी आदत नहीं, खेलता हूं खेल ऐसे जो चुनौती बन सके, चुनौतियां मंजूर कर हारु मेरी आदत नहीं। बड़ौदा के युवा कवि मनोज प्रजापति ने अपने ओजस्वी स्वर में राष्ट्रभक्ति की रचना प्रस्तुत की भगत राजगुरु सुखदेव के जैसी भारत में कोई ढाल नहीं, देश को जब कोई गाली दे तो, आता क्यों तुम्हारी रगों में उबाल नहीं। इसी क्रम में कवि गोपाल सिंह रघुवंशी ने अपनी बात इन शब्दों में कही, तख्त के लिए न कोई ताज के लिए, लिखता हूं कविता जन आवाज के लिए। अटल जी को युग पुरुष बताते हुए युवा कवि कमल राठौर साहिल ने अपनी बात इन शब्दों में कही हर युग में एक युगपुरुष जन्म लेता है, जो हवाओं की दिशा बदल देता है, सत्ता के मायने बदल देता है, हर तूफान का रास्ता बदल देता है। श्योपुर के ओजस्वी कवि सुरेन्द्र शर्मा सागर ने अपने मधुर स्वर में अपनी कविता प्रस्तुत की जिसे वक्ताओं ने काफी सराहा, जब तक सूरज चांद रहेंगे, अटल जी हमको याद रहेंगे।

आबकारी उप निरीक्षक एवं वरिष्ठ कवि ने इस अवसर पर आपरेशन सिंदूर पर एक कविता प्रस्तुत की लाल साड़ी लाल चूडी हाथ की सब छोड़ दी, क्रूर आतंकी नरों ने शांति मन की तोड दी। युवा शायर अनवर गाफिल ने राष्ट्र भक्ति पर एक गजल के कुछ शेर प्रस्तुत किए कि हम सजाते रहेंगे इसे जवीनों पर, हम देश की मिट्टी को मां समझते हैं। कवि डॉ सतीश शर्मा का कहना था कि मैं अपने फन का माहिर हूं, यहां तो अपने हाथ आजमाता हूं, यहां जो बैठे हैं वो हीरे हैं, मैं इनकी रोशनी में जगमगाता हूं। युवा कवि लोकेन्द्र शरण का अटल जी के व्यक्तित्व पर कहना था कि मां भारती के भाल का चमकता तिलक थे, भीड में अलग दिखे वो व्यक्ति अलग थे। वरिष्ठ कवि सूरज मल मंगल ने भी अटल जी को युग पुरुष बताते हुए कहा कि जिनकी वाणी में ओज था, जो राष्ट्र भावना के प्रतीक थे, समरसता का सबको पाठ पढ़ा, पदचिन्हों को छोड़कर चले गए। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे युवा कवि विष्णु जांगिड़ मंथन ने अपनी कविता में कहा कि जीवन में किस किस की निंदा करें हम, चक्रव्यूह रचने वाले तो अपने ही होते हैं। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर ने अपनी कविता में अटल जी के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसने नदियों का जल मोड़ा, वे थे अटल बिहारी, गांवों को सड़कों से जोड़ा, वे थे अटल बिहारी, पोकरण में अणुबम फोडा, वे थे अटल बिहारी, दुनिया का गुरूर भी तोडा, वे थे अटल बिहारी। कवि सम्मेलन के अंत में सीएमओ राधेरमण यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# श्योपुर की छात्राओं का इंटर यूनिवर्सिटी टीम में चयन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर एवं आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में अध्ययनरत 5 छात्राओं मुस्कान गुर्जर, गौरी गुर्जर, शिवानी गुर्जर, अमनदीप कौर एवं धनप्रीत कौर का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की महिला हॉकी टीम में हुआ है। इंटर यूनिवर्सिटी टीम के लिए चयनित ये खिलाडी 26 से 30 दिसंबर 2025 तक सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन महिला हॉकी इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

हाल ही इन छात्राओं द्वारा ग्वालियर चंबल संभाग की टीम में सहभागिता करते हुए राज्य स्तरीय हॉकी महिला प्रतियोगिता में भाग लिया था। महाराष्ट्र रवाना होने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा द्वारा खिलाडियों की इस विशेष उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की तथा आगामी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा दोनों महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया एवं हीरा सिंह के अथक प्रयासों की भी प्राचार्य द्वारा विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमेश भारद्वाज, प्रो अजीत सिंह एवं प्रो आसिफ कुरेशी उपस्थित रहें।

# अवैध कॉलोनियों पर जारी रहेगी कार्यवाही : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्ती जारी है, आज भी सलापुरा एवं बगवाज के सर्वे नंबरो में स्थित तीन अवैध कॉलोनियों पर जेसीबी चलाते हुए उनमें बनाई गई सडको एवं मार्गो को नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

**आज तीन अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी**



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा है कि अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही जारी रहेगी। बगैर अनुमति एवं नागरिक सुविधाओं के कॉलोनी काटने वालों को बक्खा नही जायेगा। अवैध कॉलोनियों में आम व्यक्तियों द्वारा प्लाट खरीदने के बाद उन्हें हो रही परेशानियों के चलते प्रशासन की कार्यवाही जारी है। अवैध कॉलोनाईजरों के चंगुल में आकर आम नागरिक इन कॉलोनियों में प्लाट खरीद लेते है, इसके बाद उन्हें किसी प्रकार की नागरिक सुविधाएं नही मिल पाती है और वे परेशान होते है। अवैध कॉलोनियों में न तो नामांतरण हो पाते है, और न ही आवास के लिए ऋण मिल पाता है।

उन्होंने कहा कि कॉलोनियां वैध रूप से सभी प्रकार की अनुमतियां प्राप्त कर काटी जायें, जिससे कॉलोनियों में बेहतर नागरिक सुविधाएं विकसित हो सकें और इन कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोग पूरी सुविधा के साथ रह सकें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध प्रशासन की सख्ती जारी रहेगी तथा अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

**श्योपुर में 3 अवैध कॉलोनियों पर हुई कार्यवाही :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आज सलापुरा स्थित सर्वे नंबर 2/3 में अंकित गर्ग पुत्र बालकृष्ण गर्ग द्वारा 20 बीघा रकबे में काटी गई अवैध कॉलोनी में जेसीबी चलाकर रास्तो और सडको को नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

# अगरा में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों विजयपुर भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशो के क्रम में आज अगरा में दिव्यांगजनो के प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

**38 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए चिह्नित**





इस दौरान 47 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन कर 38 दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु चिन्हित किया गया।

उप तहसील भवन अगरा में आयोजित शिविर में डॉ ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ मित्तल गायत्री मानसिक रोग विशेषज्ञ, राजकुमार सहायक नेत्र परीक्षण द्वारा दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी सतीश सिंह, अनिल यादव, अशोक यादव, मुकेश शाक्य एवं सचिव शंभू गोयल आदि उपस्थित थे।

**दिव्यांग परीक्षण शिविर लगाने रोस्टर निर्धारित :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा विजयपुर क्षेत्र में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए रोस्टर अनुसार तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को विजयपुर क्षेत्र में शिविर आयोजित होंगे। श्योपुर जिला मुख्यालय से विजयपुर की अधिक दूरी को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्देश दिये गये है कि जिला चिकित्सालय की टीम निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर दिव्यांगता का परीक्षण करेगी तथा सर्टिफिकेट बनाये जायेंगे, जिससे विजयपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए श्योपुर जिला अस्पताल न आना पडें। दिव्यांगजनों की सुविधा के दृष्टिगत रख कलेक्टर द्वारा रोस्टर निर्धारित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 8 जनवरी एवं 12 फरवरी 2026 को अगरा में, 12 मार्च को गसवानी हाईस्कूल में, 09 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 14 मई को पंचायत भवन वीरपुर में तथा 11 जून को हायर सैकेण्डरी स्कूल रघुनाथपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे।

# सुविधाओं का लाभ सरलता से मिले, यही गुड गवर्नेस : डॉ करूणा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** नीति आयोग भारत सरकार की ओर से श्योपुर के लिए नियुक्त सेंट्रल प्रभारी डॉ करूणा कुमारी ने सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ आम लोगों को सरलता से मिले यही गुड गर्वेनेस है। नीति आयोग समुदायों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बिजली आदि बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढाने का कार्य कर रहा है। इसीलिए आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसमें श्योपुर जिले के तीनो विकासखण्ड शामिल किये गये है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित कर रहा नीति आयोग**




सुशासन सप्ताह अंतर्गत गत दिनों कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय प्रसार उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं बैठक को संबोधित करते हुए डॉ करूणा कुमारी ने कहा कि शासकीय सेवक शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक पात्र लोगों को स्वत: लाभ पहुंचायें, यही सुशासन है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, स्वसहायता समूह, ग्रामीण विकास विभाग, पीएमजीएसवाय आदि बेसिक इन्फ्रस्टेक्चर से संबंधित इंडिगेटर बनाये गये है, जिससे हम योजनाओं की प्रगति के बारे में जान सकते है तथा कमजोर क्षेत्र में पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के लिए योजना बना सकते है। इसके अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने वाले सूचकांक भी है, नीति आयोग का पोर्टल सभी संबंधित विभागों से डेटा प्राप्त करता है, जिसके माध्यम से मॉनीटरिंग की जा रही है। महिला स्वास्थ्य की दिशा में प्रसूता महिलाओं के लिए एएनसी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है तथा पीएम मातृ वंदना योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि सुशासन सप्ताह अतंर्गत कलस्टर लेबल पर शिविर आयोजित कर लोगों को लाभ प्रदान किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की डिजिटल पहल अंतर्गत हाल ही में एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप की शुरूआत की गई है, जिसमें सभी विभागों की समस्त नागरिक, केन्द्रीत सेवाएं एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। गुड गर्वेनेस के तहत सेवाओं के वितरण को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाया गया है, जिससे जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सकें। इसके माध्यम से शासकीय योजनाओं की पात्रता जांची जा सकती है, ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है तथा डिजिटल प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते है। इस डिजिटल पहल के तहत सुविधा, सेवाएं, प्रमाण पत्र, लाईसेंस, पेंशन, सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं सहित अन्य योजनाओं में लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

एमपी ई-सेवा के माध्यम से समग्र के आधार पर हितग्राही की विभिन्न योजनाओं में पात्रता का आंकलन किया जा सकता है, जिससे हितग्राही आसानी से लाभ प्राप्त कर सकते है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में 19 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, कलस्टर लेबल पर आयोजित इन शिविरो में उस क्षेत्र की पंचायतों के हितग्राहियो को लाभ प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।

# स्वतंत्र, निर्विघ्न निर्वाचन कराने सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं : डीएम

**मतदान केन्द्रों का सतत् रूप से भ्रमण करें : एसपी, उप निर्वाचन के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत श्योपुर जिले में जिला पंचायत के एक वार्ड सहित दो पंचायतों में सरपंच पदो पर निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। रिक्त पदो पर उप निर्वाचन के लिए 29 दिसंबर को मतदान होगा, स्वतंत्र, निर्विघ्न, निर्भिक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी उपाय सुनिश्चित किये जायें, वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में सेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, डीएसपी पीएन गोयल सहित निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के एक पद हेतु मानपुर क्षेत्र में हो रहे निर्वाचन के लिए 67 मतदान केन्द्र बनाये गये है, इसके अंतर्गत 18 पंचायतें शामिल है, इसी प्रकार नागदा में सरपंच पद के लिए मतदान हेतु 03 और बैचाई में सरपंच पद के लिए मतदान हेतु 02 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इस प्रकार कुल 72 मतदान केन्द्रों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी, इसके लिए सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किये गये है। कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से उप निर्वाचन के तहत 06 कार्यपालिक एवं 14 सेक्टर आफिसर नियुक्त किये गये है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शांतिपूर्ण मतदान कराने में अपनी भूमिका निभायें, इसके लिए अपने-अपने सेक्टर में सतत् रूप से भ्रमण करें।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने निर्वाचन क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि सभी अपने-अपने थाना मोबाइल यूनिट के माध्यम से सतत् रूप से गश्त करे और कानून व्यवस्था पर निगरानी बनाये रखें। मतदान के दिन सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो, इसके लिए सेक्टर आफिसर एवं पुलिस आफिसर समन्वय के साथ कार्य करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि त्रिस्तरीय उप निर्वाचन अंतर्गत 29 दिसंबर को 72 मतदान केन्द्रों पर प्रात: 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान कराया जायेगा। इसके लिए रिर्जव सहित 80 मतदान दल गठित किये गये, मतदान की प्रक्रिया ईव्हीएम के माध्यम से संपन्न होगी। मतगणना का कार्य ब्लॉक मुख्यालय पर किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मतदान दलों को पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर से 28 दिसंबर को मतदान सामग्री का वितरण होगा तथा मतदान समाप्ति के उपरांत 29 दिसंबर को निर्वाचन सामग्री जमा की जायेगी। विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत बैचाई पंचायत में सरपंच पद के लिए होने वाले निर्वाचन हेतु सामग्री का वितरण विजयपुर ब्लॉक मुख्यालय से ही किया जायेगा।



# गहोई समाज के पदाधिकारी का सम्मान किया

**इंदरगढ़, 26 दिसम्बर।** इंदरगढ़ नगर इंदरगढ़ के मेन बाजार में गायत्री ज्वैलर पर गहोई समाज के पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर डल्लू गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष गहोई समाज, दीपक साबला महामंत्री, अमरचंद मंत्री, रमन सेठ आदि लोगों का दयाशंकर गुप्ता, राजीव गुप्ता द्वारा हरफूल माला पहनकर और उनके सम्मान में उन्हें पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया इस मौके पर डल्लू गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए सभी समाज एकजुट होकर रहे और जो भी आवश्यकता हो वह हम हमेशा समाज के लिए तैयार हैं इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज का कोई भी कार्यक्रम हो तो वह बढ़-चढ़कर भाग ले इस मौके पर हो राहुल हूंका उपाध्यक्ष] राकेश गुप्ता सचिब] पुरुषोत्तम पोद्दार पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राधाकांत कुचीया , मुरारी लाल गांधी, राममिलन निगोतिया, संतोष सावला प्रशांत गुप्ता आनंद लक्ष्मी नारायण गुप्ता आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# महाराजा खेत सिंह संकल्प को आज भी निभा रहा परिहार समाज : विधायक

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 26 दिसम्बर।** मुगल काल में राजा बनकर शासन करने वाले महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव ने वीरता के साथ देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन किया और लोगों की रक्षा की, उन्होंने

**खंगार क्षत्रिय समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान**

समाज सेवा का जो संकल्प लिया था वह संकल्प आज भी परिहार खंगार क्षत्रिय समाज निभा रहा है और परिहार समाज हमेशा मुझे आशीर्वाद रहा है इसलिए मैं भी आपको वचन देता हूं की सेवढा व इंदरगढ़ में आपकी जो भी मांगे होगी समस्याएं होंगी उन्हें मैं पूरा करूंगा और जहां आपका पसीना गिरेगा मैं अपना खून गिराने में पीछे नहीं हटूंगा ।






यह बात मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप अग्रवाल ने खंगार क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित महाराजा खेत सिंह जू देव की जयंती समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में परिहार समाज ? की धर्मशाला ऊसरी पर कही , कार्यक्रम की अध्यक्षता खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना ने की महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अग्रवाल एवं मनचासीन अतिथियों द्वारा खंगार क्षत्रिय समाज की प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया और समाज के रिटायर कर्मचारियों का भी सम्मान किया, मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, पूर्व एम एल सी झांसी श्याम सुंदर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर, भाजपा जिला मंत्री भानु ठाकुर, गोविंद परिहार, आलोक परिहार, कप्तान सिंह सैसारी, सुनील परिहार, उपस्थित रहे।

अतिथि गणों का खंगार क्षत्रिय समाज की ओर से लल्ला परिहार, मलखान सिंह शिक्षक, राम सिया सरपंच, मानसिंह, नाहर सिंह सेथरी, अमर सिंह के द्वारा फूल माला व साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया खंगार क्षत्रिय समाज की मांग पर विधायक प्रदीप अग्रवाल ने उनकी धर्मशाला के लिए बाउंड्री निर्माण व परिसर में आर सी सी आगामी वर्ष में स्वीकृत कर बनवाए जाने की घोषणा की ।

इस मौके पर प्रतिपाल सिंह यादव दीपक तिवारी राकेश खटीक महेश परिहार पवन पाठक आदि उपस्थित रहे । जयंती कार्यक्रम के पूर्व समाज के लोगों द्वारा थरेट से इंदरगढ़ बाइक रैली एवं इंदरगढ नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया,चल समारोह का पूरे नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया जो जयंती समारोह स्थल परिहार धर्मशाला पहुंचा जहां जयंती मनाई गई । कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह परिहार द्वारा किया गया ।